## विज्ञान संचार कार्यशाला

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सानिध्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण सोसायटी, जयपुर तथा बीआईआरसी राजकीय डूंगर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय विज्ञान संचार कार्यशाला सोमवार को शुरू हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित, एमजीएस यूनिवर्सिटी के रिसर्च डायरेक्टर डॉ. अभिषेक वशिष्ठ व वैज्ञानिक दृष्टिकोण के संपादक तरूण के जैन ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पुरोहित ने वर्तमान में वही आगे बढ़ेगा जो साइंस के साथ आगे बढ़ता रहेगा। विद्यार्थी केवल प्रमाण पत्र तक समिति न रहें, बल्कि उसके लिए सीखना ज्यादा महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी इस तीन दिवसीय वर्कशॉप में विज्ञान लेखन और संचार को सीखें एवं फायदा उठाएं।

कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक वशिष्ठ ने कहा कि साइंस स्कॉलर अपने आर्टिकल्स को अपने पाठक को ध्यान में रखकर सरल भाषा में लिखें। जयपुर से आए तरूण के जैन ने प्रतिभागियों से कहा कि देश में विज्ञान को आम लोगों तक कैसे पहुंचाए, उसे सीखना है। उन्होंने कहा कि आर्टिकल देशहित में हो। उन्होंने बताया कि रिसर्च आर्टिकल चयनित होता है तो सरकार एक लाख रूपए का पुरस्कार देती है तथा जिन पत्रिकाओं में आर्टिकल छपता है तो उसमें मानदेय भी मिलता है। जैन ने विद्यार्थियों को वेबसाइट आदि की जानकारी दी।

# 'महिलाओं में सर्वाधिक फैल रहा सर्वाइकल कैंसर सबसे घातक'

**बीकानेर,**(कासं)। संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार 12 से 15 फरवरी तक छात्राओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज विधिवत शुभारंभ किया गया।

प्रथम दिन डॉ. निकेता गुप्ता का 'महिला स्वास्थ्य-सेहतमंद जीवन के आधार सूत्र' विषय पर विस्तृत व्याख्यान हुआ। जिसमें उन्होंने बताया कि विश्व में

- **इस कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं का विवाह से पहले 26 वर्ष तक यदि वैक्सीनेशन करवा दिया जाए तो इसे रोका जा सकता है**




**डूंगर महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य पर डॉ. निकेता गुप्ता ने व्याख्यान दिया।**

महिलाओं में सर्वाधिक सर्वाइकल कैंसर फैल रहा है। कैंसर में सबसे घातक, लाइलाज सर्वाइकल कैंसर है, जिसका शुरूआत में पता ही नहीं चलता और इसकी मृत्यु दर भी बहुत अधिक है।

इस कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं का 9 वर्ष से लेकर विवाह से पहले 26 वर्ष तक यदि वैक्सीनेशन करवा दिया जाए तो इसे रोका जा सकता है। इसके लिए समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता होना अत्यन्त अनिवार्य है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करती हैं और सेहत के बजट में कटौती करती रहती हैं, जिसके घातक परिणाम भोगने पड़ते हैं। हमें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति भी अत्यधिक सजग रहना पड़ेगा।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. श्यामा अग्रवाल ने बताया कि बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए सरकार अत्यधिक जागरूक है। हमें भी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए समय-समय पर अपनी जांच करवानी चाहिए ताकि हमारे शरीर में किसी तत्व की कमी हो या कोई बीमारी हो तो उसका प्रारंभिक अवस्था में ही इलाज किया जा सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय की नियमित छात्राओं के अतिरिक्त समिति की प्रो. इंद्रा विश्नोई, प्रो. सुरूचि गुप्ता, प्रो. अनिला पुरोहित, प्रो. सुमन लता त्रिपाठी, प्रो. सुनीता गोयल, प्रो. करबी साह, डॉ. अनीता गोयल, डॉ. सुनीता मंडा, डॉ. सुषमा सोनी, डॉ. उमा, निधि शर्मा इत्यादि की गरिमामय उपस्थिति व सहभागिता रही।

## हेलमेट वितरित किए

**चूरू,** (कासं)। कलेक्ट्रेट सर्किल पर एसपी प्रवीण नायक नूनावत की प्रेरणा से यातायात पुलिस की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महा अभियान के तहत समाजसेवी काशीराम दडिया व लीलाधर के सौजन्य से बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालो को हेलमेट व हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वालो को गुलाब फुल देकर डीएसपी इस्लाम खान व सिटी सिओ जयप्रकाश अटल ने सम्मान किया।

डीएसपी इस्लाम खान व सिटी सिओ जयप्रकाश अटल ने कहा कि दूपहिया वाहन चालको को बाईक को हेलमेट लगाकर चलानी चाहिए। ताकि किसी बड़ी दूर्घटना का शिकार न बन सके। वाहन को नियम से नहीं चलाने पर वाहन चालक को नुकसान उठाना पड़ सकता है। आजकल सभी लोग देखते है कि अस्पताल में आये दिन सड़क दूर्घटनाओं की संख्या बढती जा रही है। इसे रोकने के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों के अनुसार ही चलाना चाहिए। जिससे दूर्घटनाओं पर अकुश लगाया जा सकता है। इससे सड़क दूर्घटना पर अंकुश लगाया जा सकता है। यातायात प्रभारी सुभाषचन्द्र राहड़ ने बताया कि सर्किल पर लोगों को हेलमेट देकर सोमवार को समझाईश की गई है। अब अगर किसी ने बिना हेलमेट दूपहिया वाहन को चलाता हुआ दिखाई दिया तो यातायात नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। यातायात प्रभारी राहड़ ने बताया कि सोमवार को 50 लोगों को हेलमेट देकर समझाईश की है।

## सार-समाचार

### अंग्रेजी व गणित विषय पर कार्यशाला



**बिलनियासर स्कूल में अंग्रेजी व गणित विषय की कार्यशाला को पी.ई.ई.ओ. रामकिशन गोदारा ने संबोधित किया।**

**नोखा,** (कासं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार आज सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलनियासर में अंग्रेजी व गणित विषय की दो दिवसीय क्लस्टर कार्यशाला प्रधानाचार्य एवं पीईईओ भंवरलाल हालू के सानिध्य में आयोजित की गई। कार्यशाला में उपस्थित अंग्रेजी व गणित विषयाध्यापकों का परिचय सत्र के बाद दक्ष प्रशिक्षक रामकिशन गोदारा ने आंकलन निर्माण की प्रक्रिया, समग्र प्रगति कार्ड, आरकेएसएमबीके उपचारात्मक शिक्षण, निपुण भारत, एफ एल एन, एन ई पी 2020, एन सी एफ, दक्षताएं एवं सीखने के प्रतिफल आदि के बारे में संभागियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान पीईईओ ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बालक का सर्वांगीण विकास ही हमारा ध्येय होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ सहज, सरल व सुगम शिक्षण कार्य योजना बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न पीईईओ क्षेत्र गुंदूस, झाड़ेली ,मैनसर, बगसेऊ, गजसुखदेसर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

### विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी




**विज्ञान मेला 'प्रज्ञान' में स्कूली बच्चों ने बनाये मॉडल प्रदर्शित किये।**

**बीकानेर,** (कासं)। विद्यार्थियों के शैक्षिक, सह शैक्षिक विकास के साथ-साथ प्रौद्योगिकी व वैज्ञानिक रूचि उत्पन्न करने, नए तथ्यों, आविष्कारों को सीखने हेतु प्रेरित कर रचनात्मक प्रतिभा का अन्वेषण करने के उद्देश्य से आज स्वामी आर एन. ग्लोबल सी. सै. स्कूल में विज्ञान मेला 'प्रज्ञान' का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हैड एवं प्रिंसीपल वैज्ञानिक, आई.सी.ए.आर सेंट्रल एरिड जोन रिसर्च इंस्टीट्यूट, क्षेत्रीय रिसर्च संस्थान बीकानेर, डॉ. नवरतन पंवार, अंतर्राष्ट्रीय मोटीवेशनल स्पीकर, एसोसिएट प्रोफेसर ई.सी.बी. बीकानेर, डॉ. गौरव बिस्सा, ई.सी.बी. में ही प्रोफेसर डॉ. विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। कक्षा नर्सरी से 9 वीं के लगभग 1250 विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल के प्रस्तुतीकरण से पूरा वातावरण विज्ञानमय था। सभी लोगों ने जल सरंक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, सौर ऊर्जा, अंतरिक्ष, चंद्रयान, लेजर स्ट्रीट लाइट, हाइड्रोलिक जे.सी.बी., ब्रिज, हार्ट व श्वसन व अन्य कई विषयों के स्थैतिक व सजीव गतिक मॉडल तथा विद्यार्थियों के प्रस्तुति कौशल, सृजनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### लिखाला ने पदभार संभाला



**सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट पद पर रामजस लिखाला ने कार्यभार संभाला।**


**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय बीकानेर में सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट पद पर रामजस लिखाला ने सोमवार को कार्यग्रहण किया। रामजस लिखाला भरतपुर संभाग से स्थानांतरित होकर बीकानेर संभाग के सहायक राज्य संगठन पद पर कार्यग्रहण किया है। लिखाला ने बताया कि बीकानेर संभाग की स्काउट गाइड गतिविधियों को नए आयाम के साथ बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही बीकानेर जिले की स्काउट गतिविधियों को गति देने के लिए नवाचार एवं गुणात्मक सुधार हेतु सभी के सहयोग और समन्वय से विशेष प्रयास करेंगे। लिखाला के कार्यग्रहण पर भारत स्काउट गाइड की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. विमला मेघवाल, जिले के प्रधान राजेश चूरा, सहायक राज्य आयुक्त राजेंद्र जोशी, सी ओ स्काउट जसवंत सिंह मौजूद थे।

# बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध : कुमावत

**बीकानेर,** (कासं)। पशुपालन एवं गोपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि पशु पालन विभाग की योजनाओं की क्रियान्विति हेतु जमीनी स्तर पर कार्य किया जाए। राज्य सरकार बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

पशुपालन विभाग मंत्री ने सोमवार को पशुपालन विभाग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही।

- **पदोन्नति तथा रिक्त पदों पर पदस्थापन की लम्बित मांगों की भी जानकारी दी**



**पशुपालन विभाग के कार्यालय में कार्यक्रम को पशुपालन व गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने संबोधित किया।**

उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर गौशाला की स्थापना की दिशा में पहल की जाए। बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए विभाग द्वारा भी प्रभावी योजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाए।

विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. शिव प्रसाद जोशी ने जिले में चल रही विभागीय योजनाओं एवं उनकी प्रगति से मंत्री को अवगत करवाया एवं विभागीय अधिकारियों की पदोन्नति, एनपीए तथा रिक्त पदों पर पदस्थापन की लम्बित मांगों की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम में संभागीय अतिरिक्त निदेशक प्रतिनिधि डॉ. गीता बेनीवाल (उपनिदेशक), संयुक्त निदेशक डॉ. शिव प्रसाद जोशी सहित क्षेत्रीय रोग निदान केन्द्र के उप निदेशक डॉ. राजेश पारीक, पॉलीक्लीनिक के उप निदेशक डॉ. नरेश शर्मा उपस्थित थे। मंत्री कुमावत का अभिनंदन किया गया और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

## डिग्गी में डूबने से युवक की मौत

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के नोखा पुलिस थाना क्षेत्र में पानी की डिग्गी में डूबने से एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतक के पिता सोलमसर गांव निवासी मदनलाल ने थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र नरसीराम 11 फरवरी को पींपासर गांव स्थित नरसीराम के खेत स्थित पानी की डिग्गी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक युवक के पिता ने बताया कि घर में कमाने वाला वहीं था। वहीं पूरे घर का खर्च चला रहा था।

वहीं सावर्जनिक स्थानों पर जुआ खेल रहे तीन जनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी जब्त की है। दरअसल यह कार्रवाई जिले की नापासर थाना पुलिस ने की है। पुलिस के मुताबिक कस्बे के बाजार स्थित नेताजी पार्क में आरोपी जुआ खेल रहे थे।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1050 रुपये नगदी व ताश के पत्ते जब्त किए है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी देवकिशन, नेताराम व पूनम सिंह है जो इसी कस्बे के रहने वाले है।

# किसान आंदोलन, पंजाब जाने वाले रास्ते बंद

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। किसान आंदोलन को देखते हुए पुलिस की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है और पुलिस की ओर से पंजाब की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। साधुवाली नाके पर पंजाब जाने वाले रास्ते पर भारी सीमेंट के ब्लॉक व बेरिकेट्स लगा दिए गए हैं।

- **किसान आंदोलन को देखते हुए पंजाब की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है**

इसके अलावा पंजाब की तरफ जाने वाले पतली, कोठापुल सहित अन्य रास्तों को बंद कर दिया गया है। पंजाब की तरफ से श्रीगंगानगर आने वाले वाहनों का आवागमन जारी है। नाकों पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

कानून व्यवस्था को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि कानून व्यवस्था संबंधी कारणों से जिले से पंजाब व हरियाणा बॉर्डर अवरूद्ध रहेंगे। इस दौरान आमजन निजी वाहनों से अति आवश्यक कार्य होने पर ही यात्रा करें। इसे देखते हुए 13 फरवरी को पंजाब व हरियाणा की तरफ जाने वाले भारी वाहनों का रूट चार्ट बदला गया है। बीकानेर से नेशनल हाईवे पर श्रीगंगानगर होकर हरियाणा जाने वाले भारी वाहन अर्जुनसर, पल्लू, भानीपुरा, सरदारशहर होते हुए चूरू से हरियाणा जायेंगे। बीकानेर से नेशनल हाईवे पर श्रीगंगानगर होकर पंजाब व हिसार जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन अर्जुनसर, पल्लू, न्योखली, नोहर व भादरा होते हुए जायेंगे।

श्रीगंगानगर से साधुवाली, पतली व कोठा पुल तथा अन्य रास्तों से भारी प्रकार के भारी वाहनों पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। जिला अनूपगढ़ से आने वाले भारी वाहन सूरतगढ़ से वाया अर्जुनसर होकर पल्लू से जायेंगे। किसान संगठनों के आव्हान पर किसानों के दिल्ली बॉर्डर पर धरना-प्रदर्शन में शामिल का कार्यक्रम देखते हुए प्रशासन ने श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिलों में धारा 144 लगा दी है।

## सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया

**खेतड़ी,** ( निसं ) सिंघाना कस्बे में मुख्य सड़क पर दुकानों के आगे सामान लगाकर अतिक्रमण होने से राहगिरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर सोमवार को प्रशासन की टीम ने मुख्य सड़क पर सामान लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया है।

इस दौरान दोबारा से सामान लगाकर अतिक्रमण करने पर सामान को जब्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नायब तहसीलदार बजरंग लाल ने बताया कि व्यापारियों द्वारा मुख्य सड़क पर अपनी दुकानों के सामने सामान रख दिया जाता है, जिसके चलते सड़क सकरी हो जाती है। दुकानों के आगे सामान लगने से आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

मुख्य बाजार में दोनों ओर से वाहनों के आ जाने से निकलने की जगह भी नहीं रहती है, जिसके चलते राहगीरों को घंटों जाम में फंसा रहना पड़ रहा है। कई बार स्थिति ऐसी नाजुक हो जाती है कि इमरजेंसी केस लेकर आने वाली एंबुलेंस को भी जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

मुख्य बाजार में व्यापारियों द्वारा सामान लगा देने से आए दिन लगने वाले जाम की समस्या को लेकर ग्रामीणों की ओर से कई बार प्रशासन को अवगत भी करवाया जा चुका है।

## छतरी वितरण का शुभारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। समाजसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल अपैक्स की स्थानीय इकाई की और से तेज धूप व बारिश से बचाव हेतु जरूरतमंद रेहड़ी-पटरी वालो को बड़ी छतरी वितरण अभियान का शुभारंभ रविवार को बस स्टैंड पर किया गया। इस दौरान बस स्टैंड पर जूता पोलिस करने वाले को बड़ी छतरी प्रदान की गई। संस्था नगर अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बताया कि आज एक छतरी वितरण कर अभियान का शुभारंभ किया गया है, आगे ओर भी जरुरतमंदों को छतरी वितरण की जाएगी। पार्षद रामकिशन माटोलिया ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है ओर किसी भी समाजसेवी संस्था का मुख्य उद्देश्य ये ही होना चाहिए।

# सरकारी स्कूलों में खोले टॉय बैंक, खेल-खेल में सीख रहे बच्चे

**बीकानेर,**(कासं)। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक दीपक जोशी ने अंत्योदय फाउंडेशन मुम्बई से जुड़ी यूएसए की रैमा सूद के सहयोग से बीकानेर के जेलवैल सरकारी स्कूल में टॉयज बैंक खोलने के इस नवाचार की शुरूआत की। उन्हें देख दस अन्य स्कूलों के शिक्षक प्रेरित हुए। उन्होंने भी अपना योगदान देकर संस्था के सहयोग से अपने-अपने स्कूल में ऐसे टॉयज बैंक स्थापित किए।

जोशी ने बताया कि सरकारी स्कूलों में प्राथमिक स्तर कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक और मनोरंजक खिलौने उपलब्ध कराये गए हैं। बच्चों को खेल-खेल में हिन्दी अंग्रेजी, गणित विषयों की व्यावहारिक समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।

यह शैक्षणिक और सहशैक्षिक उन्नयन में सहायक साबित होंगे। इन टॉय बैंक में अल्फा न्यूमैरो बोर्ड, जंबो इंडिया मैप, वन प्ले बॉक्स, मिसिंग लेटर, इलेक्ट्रो एजुकेशन, मैच द नंबर, कलर टॉप बॉक्स, पार्ट्स ऑफ द बॉडी, गेम द परफेक्शन, टॉप बॉस्केटबॉल गेम, फिक्स पिक्चर आदि खिलौने और उपकरण शामिल है। इन स्कूलों में किया गया नवाचार बीकानेर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 11 स्कूलों में यह नवाचार किया गया है। इनमें बीकानेर शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैलवेल, राजकीय उमावि शिवबाड़ी, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सर्वोदय बस्ती, राजकीय उमावि नया शहर भीमनगर, राजकीय बालिका उमावि भगवानपुरा, राजकीय उप्रावि सर्वोदय बस्ती शामिल हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय बालिका उमावि उदासर राजकीय उमावि गुड़ा, राजकीय उप्रावि हेमेरा, राजकीय उप्रावि जगदेववाला तथा राजकीय उप्रावि आसेरा में टॉय बैंक खोले गए हैं।

# विद्यार्थियों को महिलाओं के विधिक अधिकारों संबंधी दी जानकारी

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को चार दिवसीय 'छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. भगवाना राम विश्नोई ने किया।

महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 फरवरी तक निरंतर रूप से अलग-अलग विषयों पर संचालित किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को महिलाओं के विधिक अधिकारों संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के दौरान महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ रितु चौधरी, डॉ किशन लाल, हेम सिंह शेखावत, श्रीमती रेखा आचार्य तथा मीनाक्षी कुमावत द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।



**राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्राचार्य प्रो. भगवानाराम विश्नोई ने संबोधित किया।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक मीनाक्षी कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान व्याख्यान, विद्यार्थियों से परिचर्चा आदि प्रशिक्षण तकनीक को अपनाते हुए भारत के संविधान में महिला सुरक्षा संबंधी अधिकार, भारतीय न्याय संहिता तथा दंड प्रक्रिया संहिता में महिलाओं संबंधी नवीन संशोधित प्रावधान, घरेलू हिंसा कानून, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन शोषण प्रतिषेध अधिनियम, पोक्सो कानून आदि से संबंधित विधिक अधिकारों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई ताकि वर्तमान समय में सभी को उपरोक्त विषयों से संबंधित आवश्यक प्रावधानों का ज्ञान हो सके। जिससे प्रत्येक व्यक्ति तथा समाज लाभान्वित हो। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की सह आचार्य डॉ कुमुद जैन द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय का शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।

- **घरेलू हिंसा कानून, दहेज , कार्यस्थल पर यौन शोषण अधिनियम की जानकारी दी**

वहीं घडसीसर स्थित श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य पी. अन्नपूर्णा ने बताया कि वर्ष भर में समय-समय पर होने वाले खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पदक प्रदान किए गए।

# 'गायक अली-गनी को पद्मश्री की घोषणा से बढ़ा बीकानेर का मान'

**बीकानेर,**(कासं)। प्रसिद्ध मांड गायक बंधु अली-गनी को पद्मश्री सम्मान दिए जाने की घोषणा करने पर रविवार को मरूधर बीकाणा महासंघ द्वारा जयपुर रोड स्थित शिविका गार्डन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

महासंघ के अध्यक्ष श्याम तंवर ने बताया कि तेजरासर जैसे छोटे से गांव में जन्मे दोनों लोक गायकों ने देश और दुनियां में बीकानेर का नाम रोशन किया है। इन्हें पद्म अलंकरण मिलने की घोषणा करना प्रत्येक बीकानेरी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इन्होंने अल्लाह जिलाई बाई, हिसामुद्दीन उस्ता, सुधीर तैलंग और डॉ. वी. एस. व्यास के बाद एक बार फिर जिले को प्रसिद्धि दिलाई है।



**मरूधर बीकाणा महासंघ के अध्यक्ष श्याम तंवर ने मांड गायक अली-गनी का अभिनंदन किया।**

इस दौरान अली-गनी बंधुओं ने केसरिया बालम गीत की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि लोक कला, संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण में बीकानेर का विशेष स्थान है। यहां जन्म लेना अपने आपमें गर्व की अनुभूति है। उन्होंने इस सम्मान के लिए अपने गुरू के मार्गदर्शन और केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का आभार जताया। इस दौरान आरपीएस में चयनित भानू प्रताप सिंह का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में यूआईटी के पूर्व चेयरमैन मकसूद अहमद, डॉ. अजीज अहमद सुलेमानी, डॉ. तनवीर मालावत, चंद्र प्रकाश ओझा, दिनेश चंद्र सक्सेना, संगठन के उपाध्यक्ष डॉ सतीश कच्छावा, महामंत्री सुरेश भार्गव, उपाध्यक्ष कृष्ण मीना, तथागत संस्था अध्यक्ष लखीराम बीबान, कोठारी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर ओपी श्रीवास्तव, अतिरिक्त लोक अभियोजक भगवान सिंह,राजेंद्र भार्गव, यशपाल आचार्य, संजय ठोलिया, डॉक्टर नमित सक्सेना आदि मौजूद थे।